

# सड़कों और नालियों में भरा कचरा

## नालों की नहीं हुई सफाई, बारिश में जलभराव की आशंका







विजय शर्मा

**भोपाल, 28 जून. राजधानी के वार्ड 78 के कई इलाकों में जगह-जगह कचरे के ढेर देखने को मिल जाएंगे. इसका कारण है यहां नियमित सफाई नहीं होती.नवभारत प्रतिनिधि ने वार्ड का दौरा कर रहवासियों से चर्चा की और समस्याएं जानीं.**

इस वार्ड में लगभग 35 कॉलोनी हैं. वार्ड में सफाई की स्थिति बहुत ही खराब है.सीवेज के चेंबर जाम होने से सड़कों पर पानी बहता है. नालियां कचरे से भरी हुई हैं. नालों में भी कचरा जमा है. नगर निगम द्वारा यहां बारिश पूर्व नालों की सफाई नहीं की गई, जिससे रहवासी जलभराव को लेकर चिंतित है. नलों में गंदे पानी की सप्लाई की समस्या है. कई जगह तो सड़कें खुदी हुई हैं. जिनसे दोपहिया वाहन चालकों का निकलना मुश्किल है. अब बारिश शुरू हो गई है तो उखड़ी सड़कें गड्ढों में तब्दील हो जाएंगी,जिससे दुर्घटनाएं होने की आशंका बढ़ेगी. उधर, कांग्रेस पार्षद मो. रियाज का कहना है कि मेरे पार्षद कार्यकाल से पहले यहां पर टैक्स के रूप में राजस्व लगभग एक करोड़ रुपए मिलता था. मेरे पार्षद बनने के बाद से अब यह राजस्व बढ़कर लगभग 3 करोड़ रुपए हो गया है. फिर भी यहां विकास कार्य नहीं किए जा रहे हैं.



### कांग्रेस का होने के कारण पक्षपात : पार्षद



वार्ड पार्षद मो. रियाज ने बताया कि अगस्त 2022 से आज तक लगभग डेढ़ करोड़ के काम वार्ड में चल रहे हैं. पार्षद निधि से 2025-26 की 75 प्रतिशत राशि के काम मंजूर हो चुके हैं. अमृत योजना में सीवेज एवं जल का कार्य होना है, इस कारण कमिश्नर ने रोड के काम रोक दिए हैं. इस वजह से जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. सफाई के लिए सिर्फ 12 कर्मचारी काम कर रहे हैं .बाकी कर्मचारी किसी न किसी नेता के नाम पर घर काम कर रहे हैं. इसलिए लोग परेशान हो रहे हैं. परिषद में कई बार साफ-सफाई को लेकर तकरार होती है. कांग्रेस का पार्षद होने के कारण पक्षपात किया जाता है. यह इल्जाम नहीं है कड़वा सच है. इस वार्ड की सफाई, पानी, सीवेज सहित समस्याएं बनी हुई हैं. कोई सुनता ही नहीं है. अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी सुनवाई नहीं होती है.

**वार्ड में तीन दर्जन से अधिक हैं कॉलोनी :** वार्ड में के अंतर्गत हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी करोंद, स्वामी विवेकानंद कॉलोनी, संजय नगर, अमन कॉलोनी, मोतीलाल नगर, एकता बिलाल कॉलोनी, वकील कॉलोनी, ग्राम रुसल्ली, राजीव कॉलोनी, फिजा कॉलोनी, आशियाना कॉलोनी, विश्वकर्मा नगर फेस- 1, 2,3, पारस नगर, कपिला नगर, नीलकंठ कॉलोनी, शिव नगर फेस-3 (80 फिट रोड), हनीफ कॉलोनी, मुरली नगर, जनता नगर फेस- 1, 2, 3, सुंदर नगर, आराधना नगर, सुपर स्टेट कॉलोनी, अंलकार हाईट्स, पारस हाईट्स, कोरल लाइफ, पीपल चौराहा, पंचवटी कॉलोनी फेस- 1, कृष्णा नगर, पारस बिहार, व्यंकटेश कॉलोनी, उमरा बिहार, विनायक कृति, आवास विकास (पलासी), मयूर बिहार, गंगा नगर (अमन कॉलोनी), सूर्या नगर फैस 1 जेल रोड, सूर्या नगर फैस 2 (जनता नगर), गैस राहत (एल ब्लाक, एच ब्लाक) हैं.

### रहवासी बोले-रात 2 बजे आता है पानी, वो भी गंदा



यहां पर सफाई कभी-कभी होती है. कचरा वाहन प्रतिदिन समय पर आता है. नालियों की सफाई नहीं की गई है.
**रतनलाल वाधवानी,** विश्वकर्मा नगर



सीवेज की लाइन जाम है. सफाई नहीं होती है. जिससे गंदा पानी बहता रहता है. नलों से गंदा पानी आता है.
**गिर्राज सिंह,** विश्वकर्मा नगर



हमारे यहां पर नालियों की सफाई नहीं हुई है. वहीं कचरे का ढेर लगा रहता. सड़कें उखड़ी हैं. जिससे दो पहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं.
**शिवनारायण लिटोरिया,** कृष्णा नगर



रात दो बजे तक पानी आता है, वह भी गंदा. कई बार तो कीड़े निकलते हैं. नालियों की सफाई होती नहीं है. हर जगह कचरा फैला रहता है.
**इकबाल,** आशियाना कॉलोनी



नालों की सफाई नहीं हुई है. जिससे क्षेत्र में बारिश के दौरान जलभराव होने की आशंका है. कचरा भी तीन-चार दिन में उठता है.
**मो. जावेद,** गंगा नगर,



हमारे यहां पर नालियों की सफाई हुई नहीं है. जिससे बारिश के दौरान मोहल्ले में नालियों का पानी भरने की आशंका है.
**इमाम,** जनता नगर



हनीफ कॉलोनी में गली नंबर दो, गली नंबर 16 में नाली की समस्या है. नाली का ढाल उल्टा कर दिया है. जो मकान पर समाप्त हो गई, जिससे पानी भरा रहता है.
**साफिया,** बानो, हनीफ कॉलोनी



हमारे सामने के नाले की सफाई नहीं हुई है, अब बारिश शुरू हो गई. लगातार बारिश होने से जलभराव की स्थिति बनेगी.
**महफूज अली,** अजीजा बी मस्जिद के पास



झाड़ू लगती ही नहीं है. वहीं नालियों की सफाई नहीं होती है. हमारे क्षेत्र में नाले कचरे से भरे हैं. नलों से गंदा पानी आता है.
**अनस खान,** फिजा कॉलोनी



हमारे यहां नालियां नहीं होने से बारिश में सड़कों पर पानी भर जाता है. नालों की सफाई नहीं हुई है. नलों से गंदा बदबू दार पानी आ रहा है.
**गीता बाथम,** पब्लिक स्कूल के पास करोंद

### रिकॉर्ड में 30 सफाई कर्मी 12 करते हैं काम

वार्ड में 30 सफाई कर्मचारी और 20 डोर टू डोर के लिए कर्मचारी रिकॉर्ड में दर्ज हैं. लेकिन इनमें 12 कर्मचारी ही कार्य कर रहे हैं. बाकी सभी कर्मचारी नेताओं की सेवा में लगे हुए हैं. यह बात खुद पार्षद मो. रियाज ने बताई. पार्षद ने बताया कि इस मामले की शिकायत कई बार अधिकारियों को कर चुके हैं. लेकिन कोई भी कर्मचारी वापस काम पर नहीं आया. इसलिए यहां की सफाई का कार्य प्रभावित होता है.

# बारिश के दौरान नाले में फंसा बूज़ुर्ग

## पुलिसकर्मियों ने किया रेस्क्यू



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 28 जून. हनुमानगंज थाना पुलिस ने बारिश के दौरान नाले में फंसे बुजुर्ग का रेस्क्यू किया. घटना का वीडियो भी सामने आया है. बुजुर्ग व्यक्ति तेज बहाव और दलदल में फंसे थे.**

### बुजुर्ग गंभीर, लेकिन खतरे से बाहर

बुजुर्ग को बाहर निकालने के बाद उनकी हालत गंभीर थी. आरक्षक मोहित शिवहरे ने तत्काल सीपीआर दिया. बुजुर्ग की सांसें सामान्य होने परबिना किसी देरी के ऑटो की सहायता से हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पीएमएलसी की कार्रवाई के बाद चिकित्सकों ने उपचार कर उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई.

गश्त के दौरान दो आरक्षकों ने नाले में उतरकर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला. बुजुर्ग को सीपीआर देकर उनकी जान बचाई गई.

जानकारी के मुताबिक रविवार को देर रात बारिश हो रही थी. पुलिस जवानों को गश्त के दौरान मदद की आवाज सुनाई दी. आरक्षक मोहित शिवहरे और राजेंद्र रघुवंशी छोला रोड क्षेत्र में थे. पुट्ठा मिल अग्रवाल तिराहा के पास नाले से 'बचाओ-बचाओ' की आवाज आरक्षकों ने सुनी. मौके पर पहुंचने पर पुलिसकर्मियों ने देखा कि करीब 60 वर्षीय एक अज्ञात बुजुर्ग सिर में चोट लगने के बाद नाले में गिर गये थे.

# बच्चों से भरी स्कूल वैन के चालक पर हमला

## 3 बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 28 जून. कोलार पुलिस ने बच्चों से भरी स्कूल वैन के चालक पर हमला करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है. वैन चालक से जमीन विवाद के मामले को लेकर बदमाशों ने रास्ता रोककर उस पर तलवार और चाकू से हमला किया.**

इस दौरान चालक के साथ वैन में कई स्कूली बच्चे भी थे. बदमाशों द्वारा मारपीट की घटना से बच्चे दहशत में आ गए. कोलार पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई की.

जानकारी के मुताबिक ओम नगर में वैन चालक अयाज़ खान पर तीन बदमाशों ने हमला कर दिया. अयाज बैरागढ़ चीचली में रहता है. बदमाशों से एक जमीन को लेकर उनका विवाद चल रहा है. शनिवार को अयाज, जब स्कूल के बच्चों को लेकर वैन से निकला. तभी ओमनगर में पहले से ही घात लगाए बदमाशों ने वैन रुकवाकर उस पर हमला कर दिया. बदमाशों के पास धारदार हथियार होने से बच्चे भी सहम गए और सड़क पर चीख-पुकार मच गई. मामले की सूचना तुरंत ही पुलिस को दी गई.

# गिरिबाला के मकान में चोरी का प्रयास

## पुलिस ने दो संदिग्धों को पकड़ा

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 28 जून. केंद्रीय जेल में 30 जून तक न्यायिक हिरासत में बंद पूर्व जज गिरिबाला सिंह के मकान के अंदर से चोरी का प्रयास किया गया. कटारा हिल्स स्थित मकान के अंदर अज्ञात चोर शनिवार-रविवार की दरमियानी रात पहुंचे. मकान के पास पुलिस की गश्त होने के चलते अज्ञात चोर मौके से फरार हो गए.**

चोरी के मामले को लेकर यह भी जानकारी सामने आई है कि अज्ञात चोरों ने पूर्व जज गिरिबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ सिंह से जुड़ी कुछ फाइलें और दस्तावेज के साथ ही जेवरात चोरी करने पहुंचे थे. पुलिस के मौके पर



मौजूद होने से चोर वहां से भाग निकले. अज्ञात चोरों की तलाश में कटारा हिल्स थाना पुलिस जुट गई है. पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में भी लिया है, जिनसे मामले में पूछताछ की जा रही है.

जानकारी के मुताबिक पूर्व जज गिरिबाला सिंह अपनी बहू ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में आरोपी हैं. सीबीआई इस पूरे मामले की जांच कर रही है. गिरिबाला सिंह के साथ ही ट्विशा का पति समर्थ भी केंद्रीय जेल में बंद है. उनके बाग मुगलिया एक्सटेंशन कटारा हिल्स मकान में गिरिबाला के भाई मौजूद थे. अज्ञात चोर मकान के पिछले हिस्से से अंदर प्रवेश किए. बाहर पुलिस की गश्त देखकर चोर डर गए और पूरा सामान वहीं छोड़ कर फरार हो गए. मामला सामने आने के बाद पुलिस दो संदिग्धों से पूछताछ कर रही है.





# एक करोड़ का सामान जब्त

## मादक पदार्थ जब्त, दो गिरफ्तार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 28 जून. क्राइम ब्रांच पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

आरोपियों के पास से 170.90 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, एक ट्रक, एक कार और 396 एल्यूमीनियम सिल्लियाँ जब्त की गई हैं, जिसकी कीमत 1.33 करोड़ रुपये से अधिक बताई गई है. सूचना मिली थी कि फरार आरोपी संतोष और रोहित एक कार से सीहोर से बिलकिसगंज के रास्ते भोपाल तरफ आ रहे हैं. आरोपियों को रातीबड़ रोड कलखेड़ा सड़क के पास पकड़ा गया. आरोपियों ने अपना नाम संतोष बैरागी (48) और रोहित स्वामी (27) निवासी जिला देवास बताया.

# जेल रोड पर आज चलेगा बुलडोजर

**भोपाल.** एनएचएआई द्वारा सड़क चौड़ीकरण का कार्य जोरों पर चल रहा है. इसके लिए सड़क किनारे बने मकानों को हटाने का कार्य प्रशासन और एनएचएआई द्वारा किया जा रहा. इसी क्रम में सोमवार को फिर जेल रोड के चौड़ीकरण में बाधक अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जाएगी. अब तक प्रशासन 8 दुकानों सहित बाउंड्रीवॉल,टीन शेड हटा चुका है. वर्तमान में यहां पर और भी अतिक्रमण हैं, जिन्हें हटाया जाना है. तहसीलदार हर्ष विक्रम सिंह के नेतृत्व में यहां पर पिछले एक सप्ताह से निरंतर अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाई जा रही है.

# बुजुर्गों के हत्यारों की तलाश जारी

## पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 28 जून. ऐशबाग इलाके में बुजुर्ग दंपति हेमंत बारीक और उनकी पत्नी शकुंतला बारीक की हत्या के मामले में पुलिस की जांच जारी है. बारीक दंपति के सुदामा नगर स्थित घर के अंदर घुस कर वारदात करने वाले अज्ञात हमलावरों की तलाश में पुलिस जुटी है.**

थाना प्रभारी संदीप पवार ने बताया कि बुजुर्ग दंपति के साथ की गई वारदात को लेकर कार्रवाई जारी है. घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं. पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हमलावर किस इरादे से बारीक दंपति के घर के अंदर गए और हत्या करने की वजह क्या रही. इससे पहले ऐशबाग थाना पुलिस ने जब मौके पर पहुंचकर बारीक दंपति के घर के अंदर प्रवेश किया तो दरवाजा अंदर से लॉक नहीं था. इसके साथ ही दो दिन से घर के अंदर दोनों के शव पड़े रहे.

### हत्या के कारणों को जानने में जुटी पुलिस



बारीक दंपति की कोई संतान नहीं होने के साथ ही उनके पास करोड़ों रुपए की संपत्ति है. हमलावरों ने किस प्लानिंग के तहत वारदात को अंजाम दिया, इस तरह के सवालों के जवाब पुलिस तलाश कर रही है. हेमंत की भाभी ने उनसे आखिरी बार फोन पर हुई बातचीत के संबंध में भी पुलिस को बताया है. बता दें कि 60 वर्षीय हेमंत बारीक और उनकी पत्नी शकुंतला बारीक का शव शुक्रवार को देर रात उनके मकान के अंदर से पुलिस ने बरामद किया. दोनों के शव खून से लथपथ मिले. हेमंत का शव फर्श पर और शकुंतला का शव सोफे पर देखा गया. शव का पीएम कराते हुए ऐशबाग थाना पुलिस ने जांच के काम को हाथ में लिया है.

# सैप्टिक टैंक की नहीं हुई सफाई

## कॉलोनी में भर रहा है गंदा पानी

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 28 जून. नगर निगम की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट दिखाई दे रही है. शहर में अभी बारिश की शुरुआत है. कॉलोनियों और सड़कों पर पानी भरना शुरू हो गया, जिसमें सीवेज की सफाई को लेकर जनता परेशान रहती है.**

वार्ड 60 के एक आवासीय परिसर अटलांटिस टावर अवधपुरी के रहवासी पिछले कई सालों से सीवर की समस्या का सामना कर रहे हैं. इसका कारण है सीवेज का गंदा पानी. कॉलोनी का सीवर नगर निगम की मुख्य सीवर लाइन से जोड़ा ही नहीं गया है. जिस कारण सीवेज का पानी सोसायटी के सेप्टिक टैंक में जमा होता रहा. रहवासियों के अनुसार पहले नगर निगम टैंकर भेजकर सेप्टिक टैंक खाली कराता था, अब नगर निगम ने टैंक खाली कराना भी बंद कर दिया है.

सेप्टिक टैंक पूरी तरह भर चुका है और गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सोसायटी परिसर, पार्किंग, सड़कों तथा भवन के बाहर तक फैल रहा है. रहवासी इस संबंध में नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को कई बार मौखिक एवं लिखित शिकायतें कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया. सोसायटी के निवासियों ने मांग की है कि नगर निगम तत्काल सेप्टिक टैंक की सफाई कराए तथा सोसायटी की सीवर लाइन को स्थायी रूप से नगर निगम की मुख्य सीवर लाइन से जोड़े, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो.


### आंदोलन चेतावनी — कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की बैठक में लिया निर्णय

# आउटसोर्स-अस्थायी कर्मचारी छेड़ेंगे आंदोलन

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 28 जून. प्रदेश के लाखों आउटसोर्स और अस्थायी कर्मचारियों ने बेहतर वेतन, रोजगार सुरक्षा और लंबित मांगों को लेकर राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है.**

ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स अस्थायी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अगले महीने से चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा. नीलम पार्क में आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने की, जबकि संचालन कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. अमित सिंह ने किया.बैठक में प्रदेश के 25 से अधिक जिलों तथा 10 से अधिक कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए. बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि 14 जुलाई को प्रदेश के सभी जिलों में जिला कलेक्टरों के माध्यम से मुख्यमंत्री और श्रम मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे. मोर्चा ने यह भी घोषणा की कि आगामी विधानसभा सत्र से पहले 20 जुलाई को भोपाल में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मुख्य आतिथ्य में प्रदेशव्यापी 'न्याय दिलाओ सभा' आयोजित की जाएगी.सभा में सभी विभागों के अस्थायी कर्मचारियों के लिए समान न्यूनतम वेतन, रोजगार सुरक्षा, सरकारी विभागों में स्थायी भर्ती नीति और आगे की आंदोलनात्मक रणनीति पर निर्णय लिया जाएगा.



ज्ञापन में न्यूनतम मासिक वेतन 26 हजार रुपये, नौकरी की सुरक्षा, स्वास्थ्य विभाग के लंबित वेतन एवं एरियर का भुगतान, ग्राम पंचायत चौकीदारों, पंप ऑपरेटरों, स्कूल एवं छात्रावासों के अंशकालीन कर्मचारियों, बैंक आउटसोर्स कर्मियों सहित सभी अस्थायी कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग की जाएगी.

# जीआरपी ने नाबालिग लड़की को खोज निकाला

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 28 जून. जीआरपी रानी कमलापति ने एक नाबालिग लड़की की तलाश पूरी कर उसकी मां के पास पहुंचाया. पुलिस ने नाबालिग को अपने साथ ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है.**

जीआरपी के मुताबिक 26 जून को लड़की की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी. उन्होंने बताया कि 24 जून को वह अपनी 15 वर्षीय पुत्री के साथ रेलवे स्टेशन रानी कमलापति से सतना जाने के लिए आई थीं. मुसाफिरखाना स्थित टिकट काउंटर के पास पुत्री को खड़ा कर वह शौचालय गई.



लौटने पर पुत्री वहां नहीं मिली. आसपास एवं रिश्तेदारों के यहां तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला. फरियादिया ने संदेह व्यक्त किया कि जहां वह कार्य करती हैं, वहां कार्यरत युवक उनकी पुत्री से बातचीत करता था. पुलिस ने मानवेंद्र नाम के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.